## महत्वपूर्ण एवं खास

### प्रदेश में आज कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा की संभावना

**रायपुर (आरएनएस)।** मानसून द्रोणिका हिमालय की तराई में अभी भी बनी हुई है। प्रदेश में आज कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने व अथवा गरज चमक के साथ छींटे पडऩे की संभावना है। प्रदेश में एक-दो स्थानों पर गरज चमक के साथ वज्रपात भी होने की संभावना है। राजनांदगांव में गरज और चमक के बीच हल्की बारिश हो रही थी। रायपुर में भी बुधवार की शाम को मूसलाधार बारिश दर्ज की गई।

### नक्सलियों ने हिमांशु कुमार के विरूद्ध कार्यवाई के विरोध में लगाये बैनर

**कांकेर (आरएनएस)।** जिले के कोयलीबेड़ा में मुख्य बाजार में नक्सलियों के उत्तर बस्तर डिविजनल कमेटी के नाम पर बैनर लगाकर उसमें लिखा गया है कि आदिवासियों के हितैशी मानवाधिकार कार्यकर्ता हिमांशु कुमार के विरूद्ध कार्रवाई का विरोध किया गया है। इसके साथ ही सुरक्षा बलों द्वारा किए जा रहे कार्यवाही का विरोध करने की अपील की गई है। नक्सलियों के द्वारा मुख्य बाजार में बैनर लगाए जाने की सूचना पर कोयलीबेड़ा थाना की पुलिस ने सभी बैनरों को जब्त करने के साथ ही बैनर लगाने वालों की पतासाजी कर रही है।कोयलीबेड़ा थाना प्रभारी चाणक्य नाग ने बताया कि बैनर नक्सलियों ने लगाए हैं या किसी शरारती तत्व की करतूत है, इस संबंध में जांच जारी है, सभी बैनरों को जब्त कर लिया गया है।

### एक लाख की ईनामी महिला नक्सली के साथ चार नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**सुकमा (आरएनएस)।** जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत नक्सली संगठन में सक्रिय रही एक लाख की ईनामी महिला नक्सली सहित 04 नक्सलियों ने नक्सल ऑपरेशन कार्यालय सुकमा में उप पुलिस अधीक्षक अमित देवांगन के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार एक लाख की ईनामी महिला नक्सली पोलमपल्ली एलओएस सदस्या कवासी मासे, डीएकेएमएस सदस्य मुचाकी नंदा, सीएनएम सदस्य पोडिय़म जोगा, डीएकेएमएस सदस्य पदाम हुंगा सभी निवासी चिंतगुफा व भेज्जी थाना क्षेत्र के है। आत्मसर्पित नक्सली थाना क्षेत्र में घटित विभिन्न नक्सली गतिविधियों में शामिल रहे हैं।

### सीईओ के द्वारा मुख्यमंत्री पर टिप्पणी को लेकर कलेक्टर ने जारी किया नोटिस

**कांकेर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री के बारे में अनर्गल टिप्पणी मामले में अंतागढ़ जनपद सीईओ पीआर साहू को कांकेर कलेक्टर प्रियंका शुक्ला ने नोटिस थमाकर 03 दिन के भीतर जवाब देने को कहा है, अन्यथा एकतरफा कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर प्रियंका शुक्ला ने बताया कि कमेटी को जांच के लिए तीन दिन का समय दिया गया है। जांच रिपोर्ट अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए कमिश्नर बस्तर को भेजा जाएगा। वीडियो वायरल होने के बाद कांकेर कलेक्टर प्रियंका शुक्ला ने सीईओ को अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए न केवल नोटिस थमा दी, बल्कि ज्वाइंट कलेक्टर की अध्यक्षता में अधिकारियों की तीन सदस्यीय कमेटी गठित कर दी है। कमेटी को जांच रिपोर्ट देने तीन दिन का समय दिया गया है, जांच टीम में ज्वाइंट कलेक्टर जीएस एस नाग, अंतागढ़ एसडीएम के एस पैकरा और जिला कोषालय अधिकारी रामानंद कुंजाम शामिल हैं।

# भेंट-मुलाकात के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज पहुंचेंगे रायगढ़

- पुसौर के नावापारा-अ और रायगढ़ के लोईंग में होगा भेंट मुलाकात कार्यक्रम, रायगढ़ में होगा रोड शो
- कार्यक्रम की अंतिम तैयारियों का जायजा लेने कलेक्टर रानू साहू और पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा ने किया निरीक्षण



**रायगढ़।** भेट-मुलाकात के द्वितीय चरण की शुरूआत होने जा रही है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का भेंट-मुलाकात कार्यक्रम 1 सितम्बर को रायगढ़ जिले में होगा। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भेंट-मुलाकात के लिए पुसौर विकासखण्ड के ग्राम नावापारा-अ तथा रायगढ़ विकासखण्ड के ग्राम लोईंग पहुंचेंगे। शाम को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल रायगढ़ में हेमूकालानी चौक से चक्रधर चौक तक रोड शो करेंगे। जिसके पश्चात वे सर्किट हाऊस में विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों एवं प्रतिनिधि मंडलों से मुलाकात करेंगे। वे रात्रि विश्राम रायगढ़ में करेंगे। अगले दिन 2 सितम्बर को सर्किट हाऊस में जिला अधिकारियों की समीक्षा बैठक तथा पत्रकार वार्ता लेंगे। जिसके पश्चात वे अपने अगले कार्यक्रम के लिए रायगढ़ से रवाना होंगे।

इस संबंध में जिला प्रशासन की तैयारियों का जायजा लेने के लिए कलेक्टर रानू साहू एवं पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा प्रस्तावित स्थलों के निरीक्षण में लोईंग तथा नावापारा-अ पहुंचकर उन्होंने कार्यक्रम के लिए निर्धारित किए गए रूट चार्ट के अनुसार कार्यक्रम स्थलों का निरीक्षण किया। उन्होंने भेंट-मुलाकात के लिए तैयार किए जा रहे सभा स्थल का भी अवलोकन किया। कार्यक्रम स्थल में मंच में की गयी तैयारियों को देखा तथा इस संबंध में महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए। उन्होंने भेंट-मुलाकात स्थल पर लोगों की एन्ट्री के साथ ही उनकी बैठक व्यवस्था के बारे में भी अधिकारियों को निर्देशत किया। साथ ही कार्यक्रम से जुड़े अन्य बिन्दुओं के आधार पर तैयारियों की समीक्षा करते हुए शेष बचे कार्यो को जल्द पूर्ण करने के लिए संबंधित अधिकारियों को उन्होंने निर्देशित किया। कार्यक्रम के दौरान ट्रेफिक तथा सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

इस दौरान डीएफओ स्टायलो मण्डावी, एडिशनल एसपी लखन पटले, एडिशनल एसपी महेश्वर नाग, ज्वाईंट कलेक्टर दुष्यंत रायस्त, डिप्टी कलेक्टर रोहित सिंह, एसडीएम रायगढ़ गगन शर्मा, सीएमएचओ डॉ.एस.एन.केशरी, डीईओ आर.पी.आदित्य, ईई पीडब्लूडी खाम्बरा, ईई पीएचई परीक्षित चौधरी, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास अविनाश श्रीवास सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## राज्य स्तरीय किकबॉक्सिंग विजेता खिलाड़ियों ने कलेक्टर से की सौजन्य मुलाकात



**सूरजपुर (आरएनएस)।** द्वितीय राज्य स्तरीय किकबॉक्सिंग प्रतिस्पर्धा 27 से 28 अगस्त 2022 तक रायपुर में संचालित हुआ जिसमें सूरजपुर जिले के पांच खिलाडिय़ों ने भाग लिया था। विजेता खिलाडिय़ों ने आज कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर इफ्फत आरा से सौजन्य मुलाकात की। कलेक्टर ने विजेता सभी खिलाडिय़ों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने खिलाडिय़ों को नियमित प्रैक्टिस कर बेहतर खेल प्रदर्शन करने हौसला अफजाई कर जिले एवं राज्य का नाम रोशन करने शुभकामनाएं दीं।

गौरतलब है कि जिले के द्वितीय राज्य स्तरीय किकबॉक्सिंग प्रतिस्पर्धा रायपुर में 27 अगस्त से 28 अगस्त तक संचालित हुआ था जिसमें 5 खिलाडिय़ों ने जिले से भाग लिए थे जिसमें डॉली कुजूर, प्रीति सिंह, सोनू राजवाड़े को मेडल एवं चंदन कुमार, विवेक कुमार को सिल्वर मेडल प्राप्त हुआ। सूरजपुर जिले के जनरल सेक्रेटरी ब्रिकेश कुमार एवं कोच चांदनी ठाकुर ने बताया की राष्ट्रीय स्तर के प्रतिस्पर्धा के 26 से 29 सितंबर 2022 तक राजस्थान में आयोजित होगा जिसमें हमारे जिले के पांचों खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तरीय किक बॉक्सिंग प्रतिस्पर्धा में शामिल होंगे।

## थाना कोतवाली में महिला ने दर्ज कराई फेसबुक फ्रेंड द्वारा अनाचार की रिपोर्ट




**रायगढ़।** दिनांक 30.08.2022 को थाना कोतवाली में थानाक्षेत्र की महिला द्वारा उसके फेसबुक फ्रेंड शादाब अली निवासी सागर (एमपी) द्वारा रायगढ़ आकर होटल में जबरजस्ती शारीरिक संबंध बनाने एवं धमकी दिये जाने संबंधी आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया है।

पीड़िता बताई कि वर्ष 2018 -19 दौरान मेरा फेसबुक के माध्यम से शादाब अली पिता अनवर अली निवासी वार्ड नं0 09 गांधीवार्ड खुरई जिला सागर (म0प्र0) से जान पहचान हुआ था, शादाब अली ही फेन्ड रिक्वेस्ट भेजकर दोस्ती किया था, दोनों के बीच मैसेजेस में बात होती थी। अचानक दिनांक 10/09/2021 को शादाब अली रायगढ़ आया और जिस होटल में रूका था वहां मिलने बुलाया, मना करने पर धमकी देने लगा। तब उससे होटल मिलने गई जहां डरा धमकाकर जबरन शारीरिक संबंध बनाया और किसी को बताने पर जान से मारने धमकी दिया गया जिस कारण डरकर किसी को नहीं बताई। उसके बाद शादाब मोबाइल नम्बर लेकर बार-बार संपर्क करता था। शादाब अली पुनः दिनांक 15/01/2022 को रायगढ़ आकर रेल्वे स्टेशन के पास होटल में 3-4 दिन तक रुका था, बार-बार डरा धमकाकर बुलाने पर होटल गई, वहां भी जबरन शारीरिक संबंध बनाया और रायगढ़ से चला गया। शादाब अली द्वारा बार-बार कॉल करने पर पति को बताई और मोबाइल सिम ही निकालकर फेंक दी। उसके बाद कहीं से शादाब पति का मोबाइल नम्बर पता कर उसमें कॉल कर घर परिवार को मारने की धमकी देकर मिलने बुलाने लगा जिस पर कार्रवाई के लिये थाना कोतवाली में आवेदन दी। महिला के आवेदन पर आरोपी शादाब अली के विरूद्ध दुष्कर्म का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

## तीजा के दिन कारीपानी और बुडरा गांव के लोगों ने मनाया वन महोत्सव : 100 एकड़ जमीन में रोपे 1000 हजार से ज्यादा पौधे



**रायपुर (आरएनएस)।** वन अधिकारों की मान्यता अधिनियम 2006 के तहत मान्य किए जाने वाले सामुदायिक वन संसाधन अधिकार का असर अब जिला में दिखने लगा है। यह अधिकार प्राप्त करने के लिए धमतरी जिला के अंतिम छोर पर स्थित सीतानदी टाइगर रिजर्व के बुडरा एवं कारीपानी ग्राम सभा ने सन 2005 के बाद कब्जा की गई 100 एकड़ से ज्यादा की जंगल जमीन को आज खाली कर दिया। साथ ही वहां पर स्वयं से गांव के सभी महिला और पुरुषों ने तीजा के दिन वन महोत्सव मनाते हुए उस 100 एकड़ जमीन में एक हजार से अधिक पौधों का रोपण जिला पंचायत सदस्य मनोज साक्षी, उपसंचालक सीतानदी उदंती टाइगर रिजर्व वरुण जैन और गांव के प्रमुख गायता, पटेल, सरपंच, पंच आदि की उपस्थिति में किया।

ग्राम सभा सदस्यों का कहना है कि यह वृक्षारोपण आगे भी लगातार जारी रहेगा एवं ग्राम सभा द्वारा अगले एक सप्ताह में करीब 5000 पौधे लगाए जाने का लक्ष्य है। वर्तमान में पौधे उद्यानिकी विभाग द्वारा उपलब्ध करवाए गए थे, लेकिन अब ग्राम वासियों ने ग्राम में ही नर्सरी लगाकर पौधे तैयार करने का निर्णय लिया है जिसमें मुख्य रुप से गांव में काम आने वाले वन उत्पाद जैसे महुआ, आंवला, इमली, हर्रा, बहेड़ा, जामुन, कटहल, तिखूर, बांस आदि के पौधे तैयार किए जायेंगे।

ज्ञात हो कि पिछली वन अधिकारों के मान्यता अधिनियम की नगरी में हुई जिला स्तरीय बैठक में बुडरा एवं कारीपानी ग्राम सभा की कलेक्टर एवं उप संचालक सीता नदी उदंती के साथ यह सहमति बनी थी की वह जंगल जमीन का व्यक्तिगत कब्जा छोडक़र उसे ग्राम सभा की ओर से सामूहिक रूप से प्रबंधन करेंगे और वन अधिकारों की मान्यता अधिनियम 2006 के तहत 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के दिन अपने ग्राम का सामुदायिक वन संसाधन अधिकार प्राप्त करेंगे।

गांव वालो की सामुदायिक अधिकार प्राप्त करने की इच्छा इतनी प्रबल है कि ना सिर्फ उन्होंने अपने द्वारा किए गए सभी अतिक्रमण को छोडऩे का ग्राम सभा में प्रस्ताव पारीत किया बल्कि उसमे की गई अपनी गलती को सुधारते हुए तत्काल वृक्षारोपण भी करने का निर्णय लिया गया।

जिला पंचायत सदस्य मनोज साक्षी का कहना है की ग्राम सभा अब यह समझ गई है कि पूरा जंगल ही उनका है ना की वन विभाग का। इसलिए गांव के लोगो ने अपने जंगल को फिर से हरा भरा करने का और हमारे पूर्वजों ने जैसा हमे दिया था वैसा वापस बनाने का निर्णय लिया है। हम लघु वनोपज देने वाले पौधों का ज्यादा रोपण इसलिए कर रहे है क्योंकि यह हम को खेती से ज्यादा साल भर पेट भरने के लिए कुछ ना कुछ देते रहेंगे। साथ ही इससे जंगली जानवरों को भूख भी शांत होगी।

## छत्तीसगढ़ शासन के 16 अगस्त के आदेश के बाद भी मासिक पेंशन में नहीं जुड़ा 5 प्रतिशत महंगाई राहत : त्यौहार सीजन में बुजुर्ग पेंशनरों में निराशा

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ राज्य शासन द्वारा राज्य के पेंशनर्स को मई 22 से 5 प्रतिशत महंगाई राहत का लाभ देने हेतु 16 अगस्त को आदेश जारी किया है।इस आदेश पर मासिक पेंशन एवं परिवार पेंशन में बढ़े हुये दर पर राशि का बैंक द्वारा भुगतान नहीं करने से इस त्यौहार के सीजन में पेंशनरो को भारी निराशा हुई है। जबकि छत्तीसगढ़ सरकार की सहमति से मध्यप्रदेश सरकार ने बढ़ी हुई राशि का भुगतान मई 22 से एरियर के साथ जुलाई 22 के पेन्शन में ही कर दिया है। उक्त जानकारी जारी विज्ञप्ति में छत्तीसगढ़ राज्य संयुक्त फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र नामदेव ने देते इस लापरवाही के लिए शासन से जिम्मेदार लोगों पर कार्यवाही की मांग की हैं।

जारी विज्ञप्ति में आगे बताया गया है कि दोनों राज्य के पेंशनर केन्द्र के समान 34 प्रतिशत महंगाई राहत केंद्र के देय तिथि से देने की मांग कर रहे है लेकिन दोनों राज्य सरकारें मध्यप्रदेश राज्य पुनर्गठन अधिनियम2000 की धारा 49(6) के अनुसार पारस्परिक सहमति को जरूरी बताकर पेंशनरों को केन्द्र के समान महंगाई राहत नहीं दे रहे है।इस मांग को लेकर दोनों राज्य के पेंशनर आंदोलनरत है। उल्लेखनीय हैं कि इसी मांग को लेकर छत्तीसगढ़ में गत 25 जुलाई को सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ कर मुख्यमंत्री को सद्बुद्धि देने की ईश्वर से प्रार्थना करने के बाद छत्तीसगढ़ सरकार ने मध्यप्रदेश के 11प्रतिशत के प्रस्ताव पर कटौती करके मई 22 से 5 प्रतिशत महंगाई राहत देने की सहमति दिया तब जाकर मध्यप्रदेश में 2 अगस्त 22 को आदेश प्रसारित कर अपने पेंशनरो को लाभ देने के आदेश जारी कर 10 अगस्त 22 तक सभी के खाते में भुगतान भी कर दिये।परन्तु छत्तीसगढ़ शासन यही आदेश विलम्ब से 16 अगस्त को जारी किये।त्यौहार के सीजन में बुजुर्ग पेंशनर्स को उम्मीद था कि अगस्त पेंशन में 5 प्रतिशत महंगाई राहत का भुगतान हो जाएगा, परन्तु अगस्त के मासिक पेन्शन में 5 प्रतिशत महंगाई राहत जोड़े बिना पुरानी पेंशन बैंक खाते में आने से पेंशनरो को घोर निराशा हुई है।

जारी विज्ञप्ति में छत्तीसगढ़ राज्य सँयुक्त पेंशनर फेडरेशन के अध्यक्ष वीरेन्द्र नामदेव और फेडरेशन से जुड़े संगठन क्रमशः छत्तीसगढ़ प्रगतिशील पेन्शनर कल्याण संघ के प्रांताध्यक्ष आर पी शर्मा, छत्तीसगढ़ पेन्शनधारी कल्याण संघ के प्रांताध्यक्ष डॉ डी पी मनहर ,भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ के प्रांताध्यक्ष जे पी मिश्रा, पेंशनर्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ के प्रांताध्यक्ष यशवन्त देवान, पेन्शनर समाज के अध्यक्ष ओ पी भट्ट, वरिष्ठ नागरिक परिसंघ के प्रांतीय संयोजक अनूप श्रीवास्तव तथा द्रोपदी यादव गंगाप्रसाद साहू,लोचन पांडेय,अनिल गोल्हानी,डॉ विद्या देवी साहू , डी के त्रिपाठी,शरद अग्रवाल,गायत्री गोस्वामी, जे पी धुरन्धर, डॉ एस पी वैश्य, उर्मिला शुक्ला,बी डी उपाध्याय,आर के नारद,पी एल सिंह,एम एन पाठक, एस पी एस श्रीवास्तव,शांति किशोर माझी ,कलावती पाण्डे, सी एल चन्द्रवंशी, इंदु तिवारी, तीरथ यादव, रमेश नन्दे, डी के पाण्डे,प्रदीप सोनी, असीमा कुंडू , आशा वैष्णव,पी एल टण्डन, रोजलिया लकड़ा,एल एन साहू,अशोक जैन,अरुण दुबे,राजेश्वर राव भोसले, डॉ शेषा सक्सेना, सुश्री वंदना दत्ता, अनूपनाथ योगी,गिरीश उपाध्याय,जे आर सोनी, अनिल शर्मा, आलोक पांडेय, व्ही एस जादौन,बी एल पटले,,बी डी यादव,आनन्द भदौरिया,बी के सिन्हा, एस डी बंजारे,गुलाब राव पवार,भूषण लाल देवांगन, खेमीचन्द मिश्रा,एस के चिलमवार,बिक्रम लाल साहू, एस डी वैष्णव,हीरालाल नामदेव, अजीत गुप्ता,द्वारका सिन्हा, प्रभुदयाल पटवा,रामकुमार थवाईत,रमेश कुमार शर्मा, डी आर लांझेकर,के एन कश्यप,के के बंछोर,एस के भट्टाचार्य, मुरलीधर प्रधान, आलोक पांडे,नागेन्द्र सिंह,डी के यादव, डी बी गोस्वामी, बेलास मानिकपुरी,आदि ने छत्तीसगढ़ शासन से जारी आदेश का परिपालन कर तत्काल 5 प्रतिशत प्रतिशत महंगाई राहत खाते में जमा करने की मांग की है।

## दहेज के नाम पर प्रताड़ित करने की शिकायत, थाना लैलूंगा पर महिला के ससुरालवालों पर प्रताड़ना का अपराध दर्ज



**रायगढ़।** थाना तमनार अंतर्गत निवासरत महिला (उम्र 23 साल) द्वारा उसके पति, सास-ससुर, फुफू सास एवं ससुराल के अन्य 02 व्यक्ति पर दहेज के नाम पर गाली, गलौच मारपीट कर शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताडित करने वालों पर कार्रवाई के लिये पुलिस अधीक्षक रायगढ़ को शिकायत आवेदन प्रस्तुत किया गया। शिकायत पत्र जांच के लिये थाना लैलूंगा भेजा गया। शिकायत पत्र जांचकर्ता अधिकारी सहायक उप निरीक्षक चंदन सिंह नेताम, थाना लैलूंगा द्वारा आवेदिका उसके मायकेवालों पूछताछ बयान लेकर जांच किया गया। महिला बताई कि 4 साल पहले हिन्दू रिति रिवाज के साथ तमनार से शादी होकर लैलूंगा के इस गांव शादी होकर आयी है, इसका एक पुत्र तीन वर्ष का है। ससुराल पक्ष वाले दहेज के नाम पर गाली गलौच लडाई झगडा एवं मारपीट करके तीन वर्षीय पुत्र को छीन कर रख लिये। सामाजिक बैठक भी हुआ पर ससुरालवाले उनकी भी बात नहीं सुन रहे। तब पुलिस कार्रवाई के लिये पुलिस अधीक्षक को आवेदन दी। शिकायत जांच उपरांत दिनांक 30.08.2022 को थाना लैलूंगा में महिला के पति, सास-ससुर, फुफू सास सहित अन्य 02 पर प्रताड़ना का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## बनियागांव के जंगल से वन विभाग ने 54 नग सागौन चिरान जब्त किया



**जगदलपुर (आरएनएस)।** जिले के वन परीक्षेत्र भानपुरी अंतर्गत बनियागांव के जंगल से सागौन चिरान 54 नग से भरी हुई वाहन क्रमांक सीजी 28/ 0127 को मुखबिर की सूचना पर बनियागांव सर्किल में पकड़ा गया, वाहन चालक वाहन छोड़ फरार हो गया है। वाहन के साथ बारामद सागौन चिरान को जब्तकर भानपुरी वन परीक्षेत्र अधिकारी के नेतृत्व में डिवीजन भेजा गया गया है।

एसडीओ आरएन शोरी ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि 02 पाइंट 361 घन मीटर सागौन चिरान बरामद हुई है जिसकी अनुमानित बाजार मुल्य राशि डेढ़ लाख से अधिक आंकी गई है। उन्होने कहा कि ग्रामीणों एवं वन विभाग की सक्रियता से हड़ताल के दौरान इस तरह का गोपनीयता के साथ मुखबिर सूचना तंत्र का होना वन विभाग की बड़ी कामयाबी है।

# आज से 30 सितम्बर तक मनाया जाएगा "राष्ट्रीय पोषण माह"

- बाल सुधार गृह के बच्चों को भी किया जाएगा शामिल: डीपीओ टिकवेंद्र जाटवर
- गर्भवती एवं शिशुवती महिलाओं तथा बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण जागरुकता पर रहेगा जोर

POSHAN Abhiyaan
सही पोषण - देश रोशन

**रायगढ़।** प्रत्येक वर्ष 1 सितम्बर से 30 सितम्बर के बीच "राष्ट्रीय पोषण माह" मनाया जाता है जिसका उद्देश्य जनसामान्य को पोषण के महत्व से परिचित करवाना एवं सुपोषित आहार से स्वास्थ्य व्यवहार को विकसित करना है। इस बार पोषण माह कोविड नियमों के पालन के साथ ही विभिन्न विभागों की सामूहिक सहभागिता के जरिए मनाया जाएगा। इस संबंध में संचालक महिला एवं बाल विकास विभाग दिव्या उमेश मिश्रा ने सभी जिला कलेक्टरों एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी को पत्र प्रेषित कर इस आयोजन के संबंध में आवश्यक दिशानिर्देश दिए हैं।

इसी संदर्भ में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग भी हुई जिसके बारे में महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी टिकवेंद्र जाटवर ने बताया "सुपोषित आहार स्वस्थ्य जीवन की कुंजी है। इसी आहार के बारे में जागरूकता लाने के लिए पोषण माह मनाया जाता है। जिले में 15 सितंबर के करीब मशाल रैली निकालकर लोगों को पोषण और सुपोषित आहार के बारे में जागरूक किया जाएगा। साथ ही इस बार बाल सुधार गृह में रहने वाले बच्चों को भी पोषण माह में शामिल किया जाएगा।"

राष्ट्रीय पोषण माह 2022 के आयोजन के संबंध में संचालक द्वारा जारी पत्र में जिला स्तर पर स्वास्थ्य पोषण एवं स्वच्छता संबंधी सेवाएँ एवं इसके प्रति जागरूकता जनसमुदाय तक पहुंचाने को कहा गया है। साथ ही माह भर चलने वाले इस आयोजन के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जनप्रतिनिधियों, पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधियों, स्थानीय निकाय के प्रतिनिधि, सहयोगी विभागों, स्वयं सेवी संस्थाओं, सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्रों की सक्रिय भागीदारी, महिला स्व सहायता समूहों, महिला मंडल, नेहरू युवा केन्द्रों, नेशनल कैडेट कोर, राष्ट्रीय सेवा योजना आदि की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने को भी कहा है।

**इस बार इन गतिविधियों पर रहेगा फोकस**

हर वर्ष विशेष थीम के आधार पर राष्ट्रीय पोषण माह मनाया जाता है। इस वर्ष भी महिला एवं स्वास्थ्य, बच्चा एवं शिक्षा- पोषण भी पढ़ाई भी, जेंडर संवेदी जल संरक्षण एवं प्रबंधन तथा आदिवासी क्षेत्र के महिलाओं एवं बच्चों हेतु परंपरागत आहार की थीम पर का आयोजन किया जाएगा। ये सारी गतिविधियां प्रतिदिन आयोजित होंगी तथा समस्त गतिविधियों को जनआंदोलन के डैशबोर्ड पोर्टल पर प्रतिदिन अपडेट किया जाएगा। प्रतिदिन होंगी गतिविधियां- प्रतिदिन विविध कार्यक्रम होंगे। इनमें मुख्य रूप से वजन त्योहार में छूटे हुए बच्चों का वजन एवं ऊंचाई मापन, ग्राम स्तर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और मितानिन द्वारा पोषण संदेशों पर आधारित नारा लेखन, गंभीर एवं मध्यम कुपोषित बच्चों को चिन्हांकित कर उनके पोषण देखभाल संबंधित परिचर्चा होगी। महिला स्वास्थ्य विषय पर कार्यशाला तथा आंगनबाड़ी और स्कूल स्तर पर खेल-खेल में पोषण ज्ञान एवं स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित होगा। ग्राम पंचायतों में जल संरक्षण विषय पर जागरूकता कार्यक्रम एवं रैली निकाली जाएगी। स्वसहायता समूहों के माध्यम से स्थानीय पौष्टिक व्यंजनों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। इसके साथ बाल संदर्भ शिविर लगेगा और पंचायत स्तर पर एनीमिया से बचाव एवं प्रसव पूर्व , प्रसव पश्चात जांच पर संवेदीकरण किया जाएगा। इस दौरान पोषण वाटिका विकास एवं एनीमिया जांच कैंप भी लगेगा। खराब जीवनशैली से उत्पन्न बीमारियों मोटापा, मधुमेह के प्रति जागरूकता कार्यक्रम एवं ऑनलाइन योगासत्र भी आयोजित होगा।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480